राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 22 दिसम्बर • 2021 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

नर्सरी दाखिला : अभिभावक दे रहे ऑनलाइन आवदेन पर जोर

■ राकेश नाथ
नई दिल्ली। एसएनबी

■ आवेदन के लिए स्कूलों के गेट पर नहीं दिख रही अभिभावकों की भीड़

■ कोविड व कड़ाके की ठंड के कारण अभिभावक घर से ही कर रहे आवेदन



कड़ाके की ठंड के बीच राजधानी में नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस बार अभिभावक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पर जोर दे रहे हैं। पहले की तरह स्कूलों के गेट पर अभिभावकों की भीड़ नहीं दिखाई दे रही है। अभिभावक ऑनलाइन आवेदन ज्यादा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 जनवरी है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने बताया कि स्कूल में नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया 15 दिसम्बर से शुरू हो चुकी है। हमने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आवेदन की व्यवस्था की है। लेकिन ज्यादातर अभिभावकों ने ऑनलाइन आवेदन ही किया है।

अभी तक करीब 125 अभिभावकों ने आवेदन किए हैं। इनमें से 70 फीसद आवेदन ऑनलाइन हुए हैं। प्रो. पाठक ने बताया कि कई अभिभावक स्कूल को देखने के लिए भी ऑफलाइन आवेदन करने रुचि लेते हैं। लेकिन ठंड व कोविड के चलते वे घर से ही ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि स्कूल में नर्सरी दाखिले के लिए अभिभावक ऑनलाइन ज्यादा आवेदन कर रहें हैं।

अभी तक स्कूल में ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत 700 से अधिक आवेदन प्रोसेस में हैं। श्रीमती शर्मा ने बताया कि हमारे यहां 90 फीसद आवेदन ऑनलाइन हुए हैं। विकासपुरी स्थित ममता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा ने बताया कि इस बार ज्यादातर अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर रहें हैं। श्रीमती शर्मा ने बताया कि करीब 500 फॉर्म अब तक प्रोसेस में हैं। इनमें से 70 फीसद आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं, जबकि 30 फीसद आवेदन ऑफलाइन हुए हैं। स्कूल में नर्सरी कक्षा की कुल 100 सीटें हैं। पंजाबी बाग स्थित एनसी जिंदल पब्लिक स्कूल में केवल ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था है। अभी तक 277 आवेदन हो चुके हैं। नर्सरी कक्षा में 162 सीटें हैं।